हिमाचल प्रदेश तेरहवीं विधान सभा

(अष्टम् सत्र)

मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न

वीरवार, 12 मार्च, 2020/ 22 फाल्गुन, 1941 (शक्)

[मुख्य मन्त्री - जल शक्ति मन्त्री - शिक्षा मन्त्री - शहरी विकास मन्त्री - कृषि मन्त्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री - उद्योग मन्त्री - वन मन्त्री तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री].

कुल प्रश्न - 51

भूतपूर्व सैनिकों की रिक्तियां

***2656 श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात)ः**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 2 वर्षों से दिनांक 31.01.2020 तक प्रदेश में विभिन्न विभागों में भूतपूर्व सैनिकों के कितने पद रिक्त पड़े हैं; ब्यौरा पदवार और विभागवार दें?

हरिद्वार बस सेवा

***2657 डॉ0 (कर्नल) धनी राम शांडिल (सोलन)ः**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि हरिद्वार वाया सेरीघाट कुनिहार धर्मपुर बस सेवा बन्द है; यदि हां, तो यह बस सेवा पुनः कब तक शुरू कर दी जाएगी?

PET Scan Machine

***2658 Sh. Narinder Thakur(Hamirpur) :**
Sh. Ashish Butail(Palampur) :

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-

(a) is there any provision to install PET scan machine in the Medical Colleges of the State;

(b) how many Linear Accelerators, Cobalt machines and other machines for radiotherapy and other cancer treatments are available in various Medical colleges of the State;

(c) how old are the available machines; is there any defect in the machines; what is the estimated lifespan of each machine;

(d) what is the capacity of these machines and how many patients are treated with the help of these machines each year; and

(e) has there been any kind of fitness certificate issued by the competent authorities for the old machines; If so, details be given?

लघु व कुटीर उद्योग

***2659 श्री सुरेन्द्र शौरी (बन्जार):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) सरकार बंजार विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत लघु एवं कुटीर उद्योगों को बढ़ावा देने का विचार रखती है; और

(ख) यदि हां, तो गत 2 वर्षो में क्या प्रयास किए गए व इस निर्वाचन क्षेत्र में कब तक ऐसे उद्योग स्थापित कर दिए जाएंगे?

Settlement

***2660 Sh. Harshwardhan Chauhan (Shillai):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-

(a) whether it is a fact that settlement in revenue PC Shillai, Kiari Gundah and Hallan is being carried out; if so, since when; details of progress made be given PC/village-wise and by when it will be completed; and

(b) how many officers/officials have been deployed to carry out the settlment work; details of their monthly progres report (Karguzari) for the last one year be given?

पंजीकृत बेरोजगार

***2661 श्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खु(नदौन) :**
श्री विक्रमादित्य सिंह(शिमला ग्रामीण) :
श्री मुकेश अग्निहोत्री(हरोली) :

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश के रोजगार कार्यालयों में कितने शिक्षित बेरोजगार पंजीकृत हैं; गत 2 वर्षों में कितने बेरोज़गारों को सरकारी नौकरी/रोज़गार प्राप्त हुआ;

(ख) क्या यह रोजगार नियमित आधार, अनुबंध, दैनिक भोगी, आंशिक रूप से या आउटसोर्सिंग के माध्यम से प्राप्त हुआ है; रोजगार प्राप्त व्यक्तियों का पूर्ण ब्यौरा नाम, पते, विभाग व श्रेणीवार/पद सहित दें; और

(ग) क्या प्रदेश के बाहर के लोगों को हिमाचल प्रदेश में नौकरियों पर रोक लगाने के लिए नियमों में संशोधन प्रस्तावित है; यदि नहीं, तो कारण?

पिछड़ी पंचायतें

***2662 श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत विकास खण्ड कुपवी में कितनी पंचायतें पिछड़ी नहीं हैं; पंचायतों का ब्यौरा नाम सहित दें; और

(ख) जिस विकास खण्ड में 50% से अधिक पंचायतें पिछड़ी हैं क्या निर्धारित मापदंडों के आधार पर इन्हें पिछड़ा घोषित किया जा सकता है या नहीं?

Sanctioned Funds

***2663 Sh. Sunder Singh Thakur (Kullu):**

Will the **Education Minister** be pleased to state :-

(a) during the last 3 years, how much funds have been provided to various schools in Kullu Assembly Constituency under Schools Building Head; details be given; and

(b) what is the status of utilisation of funds in GSSS Kinja and Jari; school wise details be given?

पेयजल योजना

***2664 श्री राकेश जम्वाल (सुन्दरनगर):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार डैहर में नई पेयजल स्कीम बनाने का विचार रखती है; यदि हां, तो यह किस योजना के तहत बनाई जा रही है तथा कार्य कब तक आरम्भ कर दिया जाएगा?

भवन निर्माण

***2665 श्री सुख राम (पांवटा साहिब):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) राजकीय महाविद्यालय पांवटा साहिब में विद्यार्थियों की संख्या कितनी है;

(ख) इस महाविद्यालय में किन-किन विषयों की स्नातकोत्तर कक्षाएँ चल रही हैं; और

(ग) विद्यार्थियों की संख्या एवं विषयों के अनुरूप क्या पर्याप्त कक्ष उपलब्ध हैं; यदि नहीं, तो क्या सरकार अतिरिक्त शिक्षण भवन बनाने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

दवाई क्रय

***2666 श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी) :**
श्री लखविन्द्र सिंह राणा(नालागढ़) :
श्री रमेश चंद ध्वाला(ज्वालामुखी) :

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 31.01.2020 तक किस-किस फर्म से कितनी-कितनी धनराशि की दवाइयां तथा उपकरण खरीदे गए; ब्यौरा खरीद की तिथि तथा फर्म के नाम सहित दें;

(ख) यह सत्य है कि सरकारी अस्पतालों में लोकल कम्पनियों की दवाइयों की खरीद पर रोक लगाई गई है;

(ग) यह सत्य है कि जो दवाइयां सरकार द्वारा रोगियों को मुफ्त में उपलब्ध करवाई जा रही हैं; उनके सैंपल फेल हुए हैं; यदि हाँ, तो उन कंपनियों के विरुद्ध क्या कार्रवाई अमल में लाई गई; और

(घ) प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में दवाओं एवं स्वास्थ्य उपकरणों की खरीद के लिए क्या नीति निर्धारित है; प्रति सभा पटल पर रखें?

छात्र संघ चुनाव

***2667 श्री विशाल नेहरिया (धर्मशाला):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
क्या सरकार हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय और महाविद्यालयों में छात्र संघ चुनाव पर लगी रोक को हटाने का विचार रखती है; यदि हाँ, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

भूरी सिंह पावर हाऊस

***2668 श्री पवन नैय्यर (चम्बा):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) 450 के0वी0 भूरी सिंह पावर हाऊस किस कंपनी द्वारा चलाया जा रहा है;

(ख) इसमें कितने कर्मचारी जिला चम्बा के और कितने अन्य जिलों से कार्यरत हैं; इन कर्मचारियों के वेतन व अन्य भत्तों का ब्यौरा दें;

(ग) क्या कर्मचारियों को वेतन प्रतिमाह 7 तारीख को मिल जाता है और कंपनी के कर्मचारियों का इंश्योरेंस व रजिस्ट्रेशन हुई है; ब्यौरा दें; और

(घ) खोली पावर हाऊस को सुचारू रूप से चलाने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

बस अड्डे का आधुनिकीकरण

***2669 श्री सुभाष ठाकुर(बिलासपुर) :**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) बिलासपुर बस अड्डे के आधुनिकीकरण हेतु सरकार क्या पग उठा रही है; ब्यौरा दें; और

(ख) क्या सरकार चण्डीगढ़ से बिलासपुर हेतु नया रूट शुरू करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक, यदि नही, तो कारण?

विधायक प्राथमिकता

***2670 श्री अर्जुन सिंह (ज्वाली):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 2 वर्षों में दिनांक 31.01.2020 तक विधायक प्राथमिकता के अन्तर्गत ज्वाली विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कितनी योजनाएं स्वीकृत हुईं, कितनी पूर्ण हुईं व कितनी अधूरी हैं; इन योजनाओं हेतु कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया है; ब्यौरा योजनावार दें?

दुग्ध प्रसंस्करण संयंत्र

***2671 श्री किशोरी लाल (आनी):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) प्रदेश में सबसे अधिक दुग्ध उत्पादन किस क्षेत्र में होता है; विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार ब्यौरा दें; और

(ख) सरकार आनी में दुग्ध प्रसंस्करण संयंत्र खोलने का विचार रखती है; यदि हाँ, तो कब तक?

आर्थिक स्थिति

***2672 श्री अरुण कुमार (नगरोटा):**

क्या **शहरी विकास मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि नगर परिषदों व नगर पंचायतों की आर्थिक स्थिति के दृष्टिगत सरकार इनके आय के स्रोतों को बढ़ाने का विचार रखती है; यदि हां, तो ब्यौरा दें?

बग्गी विद्युत परियोजना

***2673 श्री इन्द्र सिंह (बल्ह):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि बल्ह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में 40 मैगावाट विद्युत क्षमता वाली बग्गी विद्युत परियोजना के निर्माण कार्य की अद्यतन स्थिति क्या है?

हॉस्टल निर्माण

***2674 श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर):**

क्या **कृषि मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि एकलव्य पाठशाला निचार में चार हॉस्टल भवनों का निर्माण होना है; यदि हां, तो इन भवनों को बनाने के लिए टेंडर क्यों नही कराए गए हैं, देरी के क्या कारण हैं; और

(ख) इस पाठशाला में डाइनिंग हॉल व स्टाफ क्वाटर्स भवनों का बजट प्रावधान होने के बावजूद भी निर्माण क्यों नहीं किया जा रहा है, अद्यतन स्थिति से अवगत करवाएं?

Vacancy Position

***2675 Sh. Rakesh Singha (Theog):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state during the last 2 years upto 31st January, 2020, how many posts of different categories are lying vacant in Health Department in Kumarsain Assembly Constituency; by when these posts will be filled-up?

मिनी सचिवालय

***2676 श्री विनय कुमार (श्री रेणुकाजी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) मिनी सचिवालय भवन संगडाह के निर्माण पर कितनी धनराशि व्यय की गई तथा इस भवन का उद्‌घाटन कब व किसके द्वारा किया गया; और

(ख) इस भवन में लगाई गई लिफ्ट कब से कब तक उपयोग में नहीं लाई गई; कारण सहित ब्यौरा दें?

पर्यटन विकास

***2677 श्री मुलख राज (बैजनाथ):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) सरकार द्वारा चलाई जा रही योजना "नई राहें नई मंजिलें" के अन्तर्गत बैजनाथ विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के कौन-कौन से पर्यटन स्थल सम्मिलित किये गये हैं; और

(ख) क्या सरकार प्रसिद्ध स्थान तत्तापानी (ग्राम पंचायत दिओल, जिला कांगड़ा) को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने का विचार रखती है?

बसों की व्यवस्था

***2678 श्री इन्द्र दत्त लखनपाल (बड़सर) :**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) बड़सर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में सरकारी एवं निजी बसें चलाने की क्या व्यवस्था है; रूट और समय-सारिणी सहित ब्यौरा दें;

(ख) स्टाफ की कमी के कारण कितने रूट प्रभावित हुए हैं; इनको सुचारू से चलाने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है;

(ग) HRTC की कितनी बसें बड़सर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से शिमला के लिये चलाई जा रही हैं; ब्यौरा दें; और

(घ) यह सत्य है कि HRTC द्वारा गलोड़ से शिमला वाया बड़सर बस सेवा आरंभ की गई थी जिसे धनेटा तक बढ़ाया गया था; यदि हां, तो इस रूट को बन्द करने के कारणों सहित ब्यौरा दें?

निविदाएं

***2679 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 2 वर्षों में दिनांक 31.01.2020 तक जल शक्ति विभाग रोहड़ू मण्डल के अन्तर्गत state funds से कितने on line व off line tenders लगे तथा कितनी धनराशि के लगे; ब्यौरा कार्यवार, ठेकेदारों के नाम सहित दें?

आलमपुर हारसीपतन सड़क

***2680 श्री रविन्द्र कुमार (जयसिंहपुर) :**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि आलमपुर हारसीपतन सड़क निर्माण के वित्तपोषण हेतु मामला केंद्र को प्रेषित किया गया है; यदि हां, तो इसकी अद्यतन स्थिति क्या है; और

(ख) छेन्टी-लंघा सड़क के FC मामले की अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा दें?

शारीरिक अध्यापक का पद

***2681 श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत राजकीय महाविद्यालय बासा (गोहर) में शारीरिक शिक्षा अध्यापक का पद सृजित है या नहीं; पूर्ण ब्यौरा दें ?

भवन निर्माण

***2682 श्री पवन कुमार काजल (कांगड़ा):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत वर्ष दिनांक 31.01.2020 तक कांगड़ा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितने प्राथमिक तथा उप-स्वास्थ्य केन्द्रों के भवनों

के निर्माण कार्य हेतु धनराशि आवंटित की गई; किस-किस प्राथमिक व उप-स्वास्थ्य केन्द्र का कार्य आरम्भ हो चुका है तथा यह कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा; ब्यौरा दें?

स्वीकृत धनराशि

***2683 श्री परमजीत सिंह (दून):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 2 वर्षों में दिनांक 31 जनवरी, 2020 तक दून विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत नालागढ़ व धर्मपुर ब्लॉक की पंचायतों हेतु एम0पी0 व एम0एल0ए0 लेड, एल0ए0डी0एम0, एम0एम0जी0पी0वाई0, मनरेगा और एस0डी0पी0 से कितनी धनराशि स्वीकृत की गई; कितनी व्यय हुई व कितनी शेष है; ब्यौरा दें?

गौशाला निर्माण

***2684 श्री सतपाल सिंह रायजादा (ऊना):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत 2 वर्षों में दिनांक 31.01.2020 तक गौवंश संवर्धन बोर्ड के माध्यम से गौशाला निर्माण के लिए कितनी धनराशि स्वीकृत की गई व कहां-कहां व्यय की गई;

(ख) आबकारी एवं कराधान विभाग द्वारा कितनी धनराशि गौवंश संवर्धन बोर्ड को दी गई;

(ग) जो गौशालाएं बनाई गई हैं उनके संचालन हेतु सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए हैं;

(घ) गौशाला का निर्माण कहाँ किया जाना है व इसके चयन का क्या आधार है;

(ङ) इस अवधि में किन Temple व Charitable Trust द्वारा गौवंश संवर्धन बोर्ड को कितनी धनराशि प्रदान की गई; और

(च) बेसहारा पशुओं की रोकथाम के लिए सरकार क्या पग उठा रही है; ब्यौरा दें?

सड़क निर्माण

***2685 श्री अनिल शर्मा (मंडी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) जालन्धर-हमीरपुर-सरकाघाट-धर्मपुर-कोटली राष्ट्रीय उच्च मार्ग 70 को हमीरपुर से मण्डी तक चौड़ा करने हेतु निविदाएं आमंत्रित कर ली गई हैं; और

(ख) यदि हां, तो इसके लिए भूमि का अधिग्रहण कर लिया गया है; यदि नहीं, तो कब तक कर लिया जाएगा तथा निर्माण कार्य कब तक आरम्भ कर दिया जाएगा?

सम्पर्क सड़क

***2686 श्री राजेन्द्र राणा (सुजानपुर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि सुजानपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत सम्पर्क सड़क हंदो दी धार-जन्दरू-मेहलडू खड्ड कई वर्षों से बंद पड़ी है; यदि हां, तो इस सड़क को खोलने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

Koli Samaj Bhawan

***2687 Dr.(Col.) Dhani Ram Shandil (Solan):**

Will the **Social Justice & Empowerment Minister** be pleased to state that what is the latest position of construction of Koli Samaj Bhawan at Rijhana and by when it will be completed?

Chaudhary Sarwan Kuman Krishi Vishvavidyalaya

***2688 Sh. Ashish Butail (Palampur):**

Will the **Agriculture Minister** be pleased to state :-

(a) whether it is a fact that some undergraduate, post graduate and doctorate courses/programmes under various colleges of CSKHPKV Palampur have been discontinued; college-wise and course-wise details with reasons of discontinuation be given;

(b) who is the approving or affiliating authority (such as ICAR etc.) of various undergraduate and post graduate programmes; details be given;

(c) how much fee has been collected from and expenditure incurred on the discontinued courses since their inception till discontinuation; details be given;

(d) how many students were enrolled to these courses since their inception; details of courses and number of students in each course year-wise be given; and

(e) during the last 3 years upto 31st January, 2020, how much funds were allocated/received for teaching programmes of colleges under CSKHPKV from various agencies; college, course and agency-wise details be given?

भ्रष्टाचार के मामले

*2689 **श्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खु (नदौन):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 3 वर्षों में दिनांक 31.01.2020 तक प्रदेश में सरकारी, अर्ध-सरकारी विभागों, निगमों व बोर्डों में कितने कर्मचारियों व अधिकारियों पर भ्रष्टाचार के मामलों में एफ0आई0आर0 दर्ज हुई, कितने अधिकारी एवं कर्मचारी चार्जशीट हुए और कितने चालान अदालत में पेश हुए; ब्यौरा नाम, पते, पद व विभाग सहित दें?

आवास एवं शहरी विकास प्राधिकरण

*2690 **श्री मुकेश अग्निहोत्री(हरोली) :**
श्री राजेन्द्र राणा(सुजानपुर) :

क्या **शहरी विकास मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-

(क) दिनांक 01 जनवरी, 2018 से 31 जनवरी, 2020 तक हिमाचल प्रदेश आवास एवं शहरी विकास प्राधिकरण (HIMUDA) ने कितना कर्ज़ा बैंक एवं वित्तीय संस्थानों से लिया है; कितनी जमापूंजी प्राधिकरण के पास है;

(ख) कितनी ज़मीनें किन स्थानों पर खरीदी व कितने आवासों का निर्माण किया; ब्यौरा सभा पटल पर रखें;

(ग) हिमुडा ने ऊना में कितनी ज़मीन किस रेट में खरीदी है तथा यह उना शहर से कितनी दूरी पर है; और

(घ) यह जमीन हिमुडा ने लोन ले कर खरीदी है; यदि हाँ, तो कितना लोन लिया है ?

सुरंग निर्माण

***2691 श्री सुन्दर सिंह ठाकुर (कुल्लू):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि भुभू जोत सुरंग के निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा दें?

Mukhya Mantri Swawlamban Yojana

***2692 Sh. Rakesh Jamwal(Sundernagar) :**
Sh. Vikramaditya Singh(Shimla Rural) :

Will the **Industries Minister** be pleased to state :-

(a) how many applications have been received by the department under Mukhya Mantri Swavlamban Yojana; and

(b) how many people have been benefitted from this scheme till date; details be given?

शिक्षकों के पद

***2693 श्री सुख राम (पांवटा साहिब) :**
श्री नरेन्द्र ठाकुर(हमीरपुर) :

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत 2 वर्षों में दिनांक 31 जनवरी, 2020 तक शिक्षा विभाग में शिक्षकों एवं पुस्तकालयध्यक्ष के कितने पद सीधी भर्ती द्वारा भरे गये तथा कितने रिक्त हैं; और

(ख) इस अवधि में शिक्षा की गुणवत्ता एवं सुधारीकरण हेतु सरकार द्वारा क्या पग उठाए जा रहे हैं?

वृक्ष कटान

***2694 श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि प्रदेश में निर्माणाधीन फोरलेन कालका-शिमला एवं किरतपुर-नेरचौक मार्ग में पड़ने वाले वृक्षों को काटा गया है; यदि हां, तो कितने वृक्ष काटे गए तथा

इसके लिए सरकार द्वारा क्या प्रक्रिया अपनाई गई; और

(ख) कितने वृक्ष वन निगम तथा कितने निर्माण कार्य में लगी कंपनियों द्वारा काटे गए; इससे वन निगम को कितनी धनराशि प्राप्त हुई; प्रतिपूरक वृक्षारोपण हेतु सरकार क्या पग उठा रही है; ब्यौरा दें?

Ban on Installation of Hand Pump and Tubewell

***2695 Sh. Lakhvinder Singh Rana(Nalagarh) :**
Sh. Harshwardhan Chauhan(Shillai) :

Will the **Jal Shakti Minister** be pleased to state has the Government put a ban on installation of hand pumps and tubewells in the State; if yes, reason be given and by when the ban will be lifted?

14वां वित्तायोग

***2696 श्री रमेश चंद ध्वाला (ज्वालामुखी):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 2 वर्षों में दिनांक 31.01.2020 तक 14वें वित्तायोग के अन्तर्गत प्रदेश में विभिन्न पंचायतों हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत हुई और जिला कांगड़ा में कितनी धनराशि व्यय की गई तथा कितनी शेष है; ब्यौरा विकास खण्डवार दें?

बिजली के खम्भे

***2697 श्री पवन नैय्यर (चम्बा):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि चम्बा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत विद्युत मंडल चम्बा के पास 8 मीटर लम्बाई वाला बिजली का एक भी खम्भा नहीं है; यदि हां, तो सरकार विद्युत मंडल चम्बा को कब तक 8 मीटर के खम्भे उपलब्ध करवाने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

किरतपुर-नेरचौक-मनाली फोरलेन

***2698 श्री सुभाष ठाकुर(बिलासपुर) :**
श्री विनोद कुमार(नाचन) :

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) यह सत्य है कि किरतपुर-नेरचौक फोरलेन की देनदारियां स्थानीय लोगों को देय हैं; यदि हां, तो यह कब तक प्रदान कर दी जाएंगी;

(ख) फोरलेन बनने के कारण बिलासपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में जो सडकें व पेयजल योजनाएं प्रभावित हुई हैं, उनकी भरपाई निर्माण करने वाली कंपनी करेगी या प्रदेश सरकार; ब्यौरा दें; और

(ग) किरतपुर से मनाली तक फोरलेन में ऐसे कितने घर थे जो सरकारी भूमि पर बने थे और जिन्हें राष्ट्रीय उच्च मार्ग प्राधिकरण भारत सरकार द्वारा मुआवजा दिया गया; ब्यौरा नाम सहित दें?

राष्ट्रीय उच्च मार्ग

***2699 श्री अर्जुन सिंह (ज्वाली):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि ज्वालामुखी-देहरा-नगरोटा-सूरियां-जसूर सड़क को नेशनल हाइवे बनाने हेतु केन्द्रीय भूतल मंत्रालय द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई थी; यदि हां, तो इसकी अद्यतन स्थिति क्या है?

भवन निर्माण

***2700 श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय निगुलसरी के भवन निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है?

MR/TA/DA Claims

***2701 Sh. Rakesh Singha (Theog):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that during the last 2 years upto 31st January, 2020, what is the amount of TA, DA and medical reimbursement claimed by each Minister; details be given?

वन्यजीव अभ्यारण्य

***2702 श्री विनय कुमार(श्री रेणुकाजी) :**
श्री सतपाल सिंह रायजादा(ऊना) :

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) प्रदेश में कुल कितने वन्यजीव अभ्यारण्य क्षेत्र व चिड़ियाघर हैं; इन में कितने वन्यजीव विशेषज्ञ तैनात किये गए हैं;

(ख) सिरमौर जिला के रेणुका में बने वन्यजीव अभ्यारण्य क्षेत्र /चिड़ियाघर में बाघों व शेरों की कितनी संख्या है; उन्हें डाइट में क्या भोजन दिया जाता है;

(ग) क्या इस क्षेत्र से बाघ या शेरों को वहां से स्थान्तरित किया गया है; यदि हाँ, तो कहाँ व किस वन्यजीव विशेषज्ञ की रिपोर्ट को आधार मान कर इन जंगली जानवरों को वहां से स्थान्तरित किया गया है; और

(घ) प्रदेश में शेरों या बाघों की जनसँख्या बढ़ाने के लिए सरकार क्या पग उठा रही हैं; क्या रेणुका क्षेत्र में भी इन जानवरों की संख्या बढ़ाने का सरकार विचार रखती है?

ट्राइबल एरिया सब-प्लान

***2703 श्री मुलख राज (बैजनाथ):**

क्या **कृषि मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) जिला कांगड़ा में अनुसूचित जनजाति की कितनी आबादी है; और

(ख) सरकार जिला कांगड़ा के अनुसूचित जनजाति के लोगों के विकास के लिए ट्राइबल एरिया सब-प्लान के अन्तर्गत धनराशि प्रदान करने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

पदपूर्ति

***2704 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि रोहड़ू मंडल (जल शक्ति विभाग) में विभिन्न श्रेणियों के कितने पद कब से खाली पड़े हैं तथा इन्हें भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र

***2705 श्री परमजीत सिंह (दून):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार दून विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत बद्दी में औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र खोलने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

Vacancy Position

***2706 Sh. Anil Sharma (Mandi):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state how many posts of different categories are sanctioned in Zonal Hospital, Mandi; how many are lying vacant and by when the vacant posts will be filled up?

Shimla : 171004 . — **Yash Paul Sharma ,**

Dated: 25th February, 2020 . — **Secretary .**